## एक नजर में

### अर्चना चिटनिस के निर्देश पर बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने तेजी से चल रहे कार्य



**बुरहानपुर।** विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के निर्देश पर ग्राम फोफनार और आसपास के क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को मजबूत और सुचारु बनाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। लंबे समय से क्षेत्र में बनी हुई लो वोल्टेजए अतिभार और बार.बार ट्रिपिंग की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

क्षेत्र में बढ़ते विद्युत भार को देखते हुए ग्राम तुरकगोराड़ा ग्रीड पर 5 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इसके साथ ही यहां से निकलने वाली 11 केवी लाइनए जिसकी लंबाई लगभग 3 किलोमीटर हैए का निर्माण कार्य प्रगति पर है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार आगामी एक सप्ताह में यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्राम बड़गांव से फोफनार के मध्य 33 केवी लाइन निर्माण कार्य भी तेजी से जारी है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अधिक मजबूत और स्थिर हो सकेगी। संभावना है कि यह कार्य माह के अंत तक पूरा हो जाएगा। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में लो वोल्टेजए ओवरलोड एवं बार.बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्या में बड़ी कमी आएगी। इससे ग्रामीणों एवं किसानों को बड़ी राहत मिलेगी तथा सिंचाई कार्यों के साथ घरेलू बिजली व्यवस्था भी अधिक सुचारु हो सकेगी।

वहीं खामनी फीडर पर बढ़ते विद्युत भार के कारण उत्पन्न ट्रिपिंग की समस्या को दूर करने के लिए भी विशेष कार्य किए गए हैं। लाइन के तार ढीले होने से होने वाली परेशानी को समाप्त करने हेतु 5 नए मिडस्पान पोल लगाए गए हैं तथा लगभग आधा किलोमीटर नई 11 केवी लाइन स्थापित की गई है। साथ ही फोफनार ग्रीड का विद्युत भार जसौंदी ग्रीड पर शिफ्ट कर विद्युत आपूर्ति को अधिक संतुलित एवं सुचारु बनाया गया है। क्षेत्रवासियों ने इन कार्यों के लिए विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं, जिससे आमजन, ग्रामीणों एवं किसानों को बड़ी राहत मिल रही है।

### अतुल लाड बने सकल पंच वीसा लाड समाज अध्यक्ष



**बुरहानपुर।** नागजिरी स्थित गणपति वाडी में श्री सकल पंच वीसालाड समाज के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न हुए जिसमें समाज के 409 व्यक्तियों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया स इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रमेश कापड़िया, डॉ राकेश लाड, डॉ संजीव कापड़िया, डॉ. दिव्येश लाड, डॉ.निमीशा लाड, डॉ सुनील बजाज, रमन बजाज, सतीश गुजराती, सतीश गुप्ता, प्रकाश लाड, बाबू भाई मेहता, डॉ राजेश बजाज, संजय भाई श्रॉफ, गोवर्धन श्राफ, संतोष श्रॉफ, रवि कापड़िया, दीपेश मेहता, बाली भाई, एडवोकेट प्रकाश लाड, भरत श्रॉफ, मुकेश गुप्ता एवं अन्य समाजजन शामिल थे। नवनिर्वाचित अतुल लाड को अध्यक्ष बनने पर समाज के सभी वरिष्ठों ने आशीर्वाद दिया और समाज को सबको साथ लेकर कार्य करने की शिक्षा दी स इस अवसर पर अपना चैंबर संचालक नीरज कक्कड़ द्वारा उनका स्वागत सम्मान किया गया स अपना चैंबर्स के डॉ आई एल मुंदड़ा, डॉ हेमंत महाजन, डॉ रफ्त अंसारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट मुस्कान कक्कड़, चार्टर्ड एकाउंटेंट, राहुल छाबडिया द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

### कलेक्टर ने ली समय-सीमा बैठक, जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की भी समीक्षा



**बुरहानपुर।** सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने समय.सीमा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

**सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का गहन अवलोकनः**-बैठक के दौरान कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का गहन अवलोकन करते हुए 100 दिवसीय से अधिक लंबित शिकायतों का संबंधित अधिकारियों से प्रकरणवार चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की शिकायतों का त्वरितए गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को प्राथमिकता में रखा जाए।

**जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षाः**-बैठक में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों एवं गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित विभागों को अभियान के तहत कार्यों में गति लाने तथा जन.जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ने के निर्देश दिए। विभिन्न विभागों में संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई एवं निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो तथा समय.सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चत करने के साथ.साथ विभागवार प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति समय.सीमा में करने के निर्देश दिये गये। साथ ही सभी विभागीय अधिकारी अपनी.अपनी विभागों में संचालित योजनाओं का निरीक्षण करेंगे एवं प्रतिवेदन परख एप पर अपलोड करेंगे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री सृजन वर्माए एसडीएम श्री अजमेर सिंह गौड़ए एसडीएम श्री भगीरथ वाखला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नवागत टीआई का ताप्ती समिति ने किया सम्मान



**बुरहानपुर।** सामाजिक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय ताप्ती सेवा समिति द्वारा बुरहानपुर जिले में पदभार ग्रहण करने वाली नवागत थाना प्रभारियों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। समिति ने बुरहानपुर की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की उम्मीद व्यक्त करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। समिति द्वारा नीता देवरवाल, जिन्होंने कोतवाली थाना प्रभारी के रूप में पदभार संभाला है तथा संदीप चौरसिया, जिन्होंने शिकारपुर थाना प्रभारी के रूप में नई जिम्मेदारी ग्रहण की है, का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति पदाधिकारियों ने कहा कि नवागत थाना प्रभारियों के नेतृत्व में जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

# श्रीश्री रविशंकर के 70वें जन्मदिन पर आज सेवा-साधना और महासत्संग



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** सम्पूर्ण विश्व को योग के माध्यम से ध्यान की गहराई का अनुभव कराने वाली आध्यात्मिक गुरु आर्ट ऑफ़लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकरजी की सेवाभावी संस्था, आर्ट ऑफ़ लिविंग से जुड़े व्यक्ति विकास केंद्र बुरहानपुर शाखा के तत्वावधान में 13 मई सुबह से लेकर रात तक सेवाए साधना और सत्संग की माध्यम से श्रीश्री के जन्मदिवस को मनाया जाएगा।

संस्था के केंद्र प्रमुख संतोष देवताले और संस्थापक सदस्य लछमन मित्तल ने बताया कि 13 मई को गुरुजी का 70वां जन्मदिवस है और 18 वर्षों से बुरहानपुर जिले में संस्था की सेवा भावी गतिविधियों के साथ सत्संग के माध्यम से वर्तमान में 12 हजार से अधिक महिला पुरुष और विद्यार्थी वर्ग व नियमित साधक संस्था से जुड़े हुए हैं।

प्रशिक्षक और जोनल टीचर कोऑर्डिनेटर विजय दुंबानी तथा डिस्ट्रिक्ट टीचर कोऑर्डिनेटर रजनी अग्रवाल ने बताया कि बुधवार सुबह सात बजे सुंदरनगर में 5 पांडव मंदिर के पीछे श्री श्री ज्ञान मंदिर सभागार में सामूहिक साधना होगी, जहां प्रशिक्षक रविंद्र पंडित और दीपाली पंडित के द्वारा सभी साधकों को योग प्रणायाम और पद्मसाधना के साथ गुरुवाणी में सुदर्शन क्रिया भी कराई जाएगी। प्रशिक्षक युवराज रघुवंशी ने बताया कि 13 मई को सुबह 6.30 बजे नया मोहल्ला स्थित अग्रवाल निवास पर भी सामूहिक साधना आयोजित की गई है और 7 बजे का समय श्री श्री ज्ञान मंदिर सभागार, सुंदरनगर का रहेगा। साधक सुविधा के अनुसार, किसी भी केंद्र पर पहुंचकर गुरुवाणी में सुदर्शन क्रिया का आनंद ले सकते हैं। सामूहिक साधना के बाद संस्था के सदस्यों के द्वारा सेवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत सुंदरनगर क्षेत्र के सभी मंदिरों की सफाईए सभागृह की सजावट और शासकीय अस्पताल पहुंचकर सभी मरीजों के मध्य दूध, फल और बिस्किट का वितरण किया जाएगा।

केंद्र प्रमुख संतोष देवताले के अनुसार बहादरपुर रोड पर स्थित सी.के. ग्रीन कॉलोनी में गुरु जन्मोत्सव का विशेष महासत्संग होगा। इस विशेष महासत्संग के आयोजनकर्ता ममता मुंशी, शशिकांत मुंशी, दिनेश पारीक, शैलेष खेरनार, सुधीर चौकसे, सौम्या तोमर सहित समस्त कालोनी निवासियों के संयुक्त सहयोग से मुंशी निवास से लेकर कालोनी के मंदिर परिसर तक भव्य सजावट की जाएगी और रात्रि 8. 30 बजे से संस्था के सदस्य सी.ए भरत श्राफ, प्रोफेसर भरत रावल, एडवोकेट कस्तूरचंद टांक, विजय दुंबानी, राजेंद्र पवार, प्रशिक्षिका दिपाली पंडित, राजरानी मेहता और अश्विनी मेहता द्वारा ईश्वरीय आराधना और गुरु भक्ति के गीतों के साथ जीवन दर्शन पर आधारित मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। गुरु जन्मोत्सव का विशेष सत्संग होने से आज सत्संग का समय 8.30 बजे से 10 बजे तक का रहेगा। 8 बजे से गुरुपूजा सत्संग प्रांगण में की जाएगी, जिसमें गुरु पंडित संगीता देवताले और दीपाली पंडित के द्वारा गुरु पूजा के माध्यम से गुरुशक्ति का आह्वान होगा। गौरतलब है कि देशभर में बेंगलुरु आश्रम के बाद बुरहानपुर एकमात्र ऐसा शहर है, जहां 18 वर्षों से हर गुरुवार समय की प्रतिबद्धता के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गुरु का सत्संग निरंतर जारी है।

### ग्राम शाहपुर में भी सामूहिक साधना और सत्संग



शाहपुर के बड़ा बाज़ार क्षेत्र में स्थित श्रीश्री ज्ञान मंदिर आर्ट ऑफ़ लिविंग के उपकेंद्र चौधरी का बाड़ा परिसर में भी क्षेत्र के साधकों के लिए गुरुवाणी में आज सुबह 7 बजे से सुदर्शन क्रिया आयोजित की गई है तथा संध्याकालीन प्रहर रात्री 8 बजे से ग्रामीण क्षेत्रवासियों की भारी उपस्थिति में गुरुपूजा के साथ गुरु का सत्संग भी होगा। शाहपुर निवासी संस्था के वरिष्ठ प्रशिक्षक सतीश चौधरी, प्रवीण चोपड़े, प्रशांत चोपड़ा, विशाल दीक्षित, गोपाल जटाले सहित समस्त साधकों ने साधना और सत्संग में शाहपुर केन्द्र पर उपस्थिति का आग्रह किया है।

**18 साल पहले का सत्संग :-** 2008 में 18 साल पहले आज ही के दिन 13 मई को गुरूजन्मोत्सव का पहला सत्संग इतवारा विशाल गणपतिवाड़ी में आयोजित हुआ था, जिसमें आर्ट ऑफ़ लिविंग का बुरहानपुर मे नींव का पत्थर रखने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षिका शैलजा शुक्ल, अहमदाबाद विशेष रूप से उपस्थित थी। तभी से शुरू हुआ सफर अनवरत चल रहा है।

### मांडवा में ग्रामीणों ने निकाली जागरूकता रैली



**नेपानगर।** क्षेत्र के ग्राम मांडवा में आदिवासी ग्रामीणों ने जागरूकता दिखाते हुए शराब के खिलाफ अभियान शुरू किया है। इसके तहत पहले चरण में सोमवार दोपहर भीषण गर्मी के दौरान भी आदिवासी समाजजन ने रैली निकाली और नारेबाजी कर शराब बिक्री, पीने का विरोध किया। दरअसल ग्रामीणों ने नशा मुक्त गांव बनाने के लिए प्रचार प्रसार किया और रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। ग्रामीणों ने दारू बंद करो, दारू पीना, बेचना बंद करो, जैसे नारे लगाए। रैली में ग्राम सरपंच तुलसीराम अलावे, ग्राम समिति अध्यक्ष तेरसिंह भीकला, पटेल दमरु दगडु, बीट गार्ड कमलेश रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने गांव से शराबबंदी का आह्वान किया। उनका कहना है कि नशे ने आदिवासी समाज को जकड़ लिया है।

### 5 वर्ष की लंबी लड़ाई के बाद रोड निर्माण शुरू, खेत मालिक ने दायर किया था प्रकरण

**वार्ड 21 में एनिकट एरिया से होकर गुजर रहे नेपा अंबाड़ा मार्ग के कुछ हिस्से का विवाद सुलझा**



**नवभारत न्यूज,**

**नेपानगर।** करीब 5 साल की लंबी लड़ाई के बाद आमजन को रोड से निकलने में होने वाली परेशानी से मुक्ति मिलेगी। दरअसल रोड के कुछ हिस्से को लेकर एक खेत मालिक ने कोर्ट में केस दायर किया था जिसमें लोनिवि को जीत मिली।

मामला नगर के वार्ड नंबर 21 स्थित एनिकट एरिया से होकर गुजरने वाले नेपानगर अंबाड़ा मार्ग का है। पिछले करीब 5 सालों से रोड का निर्माण रुका हुआ था इसके पीछे कारण यह था कि इसे लेकर खेत मालिक ने कोर्ट में केस लगाते हुए कहा था कि जो रोड बनाई जा रही है वह उसकी खेत की भूमि पर बनाई जा रही है। जिसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग ने प्रमाण प्रस्तुत किया और वर्षों तक चली सुनवाई के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग को विजय मिली और अंत में रोड बनना चालू हुआ है।

**घुमावदार रोड होने से पांच साल से परेशानीः-** ठेकेदार ने यहां पर सड़क निर्माण कार्य पूरा कर दिया है। गौरतलब है कि घुमावदार मोड़ होने से आमजनए वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रोड पर आसपास झाड़ियां होने से फजीहत और ज्यादा बढ़ गई थी। इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में छोटेए बड़े वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में घुमावदार मोड़ होने से दुघटनाओं का संदेश बना रहता था। कई बार हादसे भी हो चुके हैं। दोनों ओर से वाहन आमने सामने आने पर मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते थे।

**नेपानगर का प्रमुख पहुंच मार्गः-** यह रास्ता नेपानगर को बुरहानपुर से जोड़ने के लिए एक प्रमुख रास्ते के रूप में उपयोग में लिया जाता है जिसके चलते रोजाना बड़ी संख्या में वाहनों की आवाज आई होती है। काम अधूरा होने से करीब 300 मी का सड़क एकल मार्ग पर दोनों ओर से वहां आते थे। ऐसे में हर बार यहां जाम की स्थिति भी बनती थी, लेकिन अब रोड बनने से लोगों को सुविधा होगी।

### संयोजक पद से निवृत हुए होशंग हवलदार, नए संयोजक बने डॉ . निर्झर




**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर ।** आप सभी के अमूल्य सहयोग से हम इंटेक चैप्टर बुरहानपुर को आगे बढ़ा पाए और आप सभी ने मुझ पर यह विश्वास ना रखा होता तो हमारा इंटैक चैप्टर बुरहानपुर ऊंचाइयों की ओर अग्रसर ना होता। केंद्रीय कार्यालय इंटैक दिल्ली ने मेरी प्रार्थना को स्वीकार कर मुझे संयोजक पद से निवृत होने की आज्ञा दी। साथ ही हमारे मित्र प्रोफेसर डॉ.वीरेंद्र निर्झर को संयोजक पर नियुक्ति प्रदान की उस हेतु हम केंद्रीय कार्यालय दिल्ली के आभारी हैं।

आज मैं आपका सहयोगी होशंग हवलदार संयोजक के पद से निवृत्त हो रहा हूं और हमारे साथी डॉ .प्रोफेसर वीरेंद्र निर्झर जी को शपथ पश्चात पदभार सौंप रहा हूं। इस अमृत महोत्सव काल की बेला में आप सभी सदस्य गणों ने एवं उपस्थित मेहमानों ने जो प्रेम की वर्षा मुझ पर एवं मेरे परिवार पर तथा प्रोफेसर निर्झर पर की उसे हेतु हम आप सभी के हृदय से आभारी हैं।

संपूर्ण कार्यकाल में आप लोगों का स्नेह, आप लोगों का विश्वास, आप लोगों का साथ मुझे प्राप्त होता रहाए ऐसा ही स्नेह, विश्वास और साथ हमारे नवनिर्वाचित संयोजक प्रोफेसर डॉ. निर्झर को भी मिलता रहे यही विनय है। आप सभी अपने जीवनसाथी के साथ आकर इन प्रसन्नता दायी क्षणों के सहभागी बनेय साथ ही कार्यक्रम पश्चात हम सब ने सहभोज में सहभागी बन कार्यक्रम को यादगार बना कर मुझे उपकृत किया। मैं सदैव से आपके स्नेह का आभारी रहूंगा।

### बंद चित्रा टॉकीज पर बदमाशों का कब्जा, जुआ खेलने का बनाया अड्डा



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** शहर की प्रथम टूरिंग टॉकीज का तमगा हासिल करने वाली चित्रा टॉकीज संचालक स्व प्रेमनारायण चौकसे ने उपनगर लालबाग को टॉकीज की सौगात 1976 मे दे दी थी समय के साथ टूरिंग टॉकीज ने आधुनिकता का लिबास ओढ़कर भव्यता का मुकाम हासिल कर लिया था। किंतु बदलते विज्ञान और महंगाई के बोझ से दबते सिनेमा घरों की आह निकलने लगी थी। इसी आह का शिकार चित्रा टॉकीज भी बनी जो 8 से 10 पूर्व तालाबंदी का शिकार होकर बंद हो गई।

ताला बंदी के इन आठ सालों में बीते एक दो साल से चोरी की घटनाओं में इजाफा होने लगा पुलिस कार्यवाही का ठोस रूप न लेने से चोरो के हौसले इतने बुलंद हो गए कि रात के अंधेरे में अथवा सांझ ढलने पर इनका हुजूम टॉकीज के बरामदे में जमा होकर ताश के 52 पत्ते फेटने का काम कर रहा है तो इसी परिसर में जमा हो उच्चके चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। इनके हौसले इतने बुलंद है कि पुलिस कार्यवाही का खौंफभी इनको नहीं है। जिसका प्रमाण साल भर में 5 बड़ी चोरी को अंजाम देने से पता चलता है।

चित्रा टॉकीज के मालिक राजेंद्र प्रेमनारायण चौकसे ने बताया कि हर बार चोरी की घटना घटने के बाद प्रथम बिना अप्रोच के शिकायत दर्ज तक नहीं हुई, अगर वसीला लगा भी तब हस्त लिखित शिकायत लेकर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर ली गई। पिछली बार मोटर चोरी होने पर शिकायत के पूर्व पक्का बिल मंगवाया गया बिल पेश करने के बाद पक्की रिपोर्ट दर्ज न कर लिखित शिकायत मांग कर औपचारिकता निभाई गई। इस तरह एक दो नहीं पूरे पांच बार चोर चोरी को अंजाम देकर गया किंतु सूत मिल चोरी की तरह यहां भी चोर पकड़ाया नहीं। बीती रात चोरी की घटना के बाद परेशान होकर मुख्यमंत्री ऑन लाईन शिकायत का सहारा लेना पड़ा है।

### केला व्यापारी रघुवीर सिंह सैनी का निधन, अंतिम संस्कार आज



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के प्रतिष्ठीत केला व्यापारी एवं न्यु श्रीराम केला एजेन्सी के मालीक रघुवीर सिंह सैनी का मंगलवार को उनके निज निवास ब्रह्म शक्ति नगर में मंगलवार दोपहर 4.30 बजे के आस पास दुखद निधन हो गया । उनके निधन पर बहादुर सैनी भाई, अनिल सैनी भाई, चमन प्रकाश सिंह सैनी, तरुण सैनी, लोकेश सैनी, भगवान सैनी, इन्द्रेश सैनी एवं समस्त बागड़ी परिवार में शोक व्याप्त हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को सतीयारा घाट पर किया जाएगा । अंतिम शव यात्रा उनके निवास स्थान ब्रह्म शक्ति नगर से शाम 4 बजे निकलेगी। बतादे कि वे लक्ष्मी नगर मंदिर निर्माण, समाजसेवा के क्षेत्र में आपका नाम अग्रणी पंक्ति में आता है।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मजबूती से कर रहा काम : भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ . माने

**पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री बबलू गौड़ का बुरहानपुर आगमन पर किया स्वागत**




**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री बबलू गौड़ का मंगलवार को बुरहानपुर आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजपा कार्यालय पर पिछडा मोर्चा कि आवश्यक बैठक आयोजीत की गई। बैठक में बुरहानपुर प्रथम आगमन पर उनका आत्मीय स्वागत जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज जी माने, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजूभाई पाटिल, महामंत्री रूपेश लिहंकर, जिला मंत्री सुनील वाघे, डॉ दीपक वाभले, करन प्रजापति, कार्यालय मंत्री अशोक राठौर सहित मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता द्वारा तिलक लगाकर एवं भाजपाई अंगवस्त्र पहनाकर किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा बैठक को संबोधित करते हुवे जिला में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कामों की प्रशंसा की। आपने कहा कि मोर्चा पार्टी कार्यक्रमों एवं चुनावों में अपनी मजबूत स्थिति को सिद्ध करता रहा हे। आपने मोर्चा संगठन को ग्रासरूट लेबल तक पहुंचाने, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की बात कही।

प्रदेश मंत्री बबलू गौड़ ने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला बैठक में प्रदेशाध्यक्ष पवन जी पाटीदार के संदेश को अभिव्यक्त करते हुए संगठन का विस्तार कर मतदाताओं तक मजबूत पकड़ बनाने का आव्हान किया।

इस दौरान संगठनात्मक कार्यों, मंडलों की बैठकों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के बुरहानपुर प्रवास को लेकर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में पिछडा मोर्चा अध्यक्ष राजु भाई पाटील द्वारा संगठन को लेकर विस्तारपुर्वक जानकारी प्रस्तुत की। संचालन एवं आभर महामंत्री रूपेश लिहंकर द्वारा किया गया। बैठक में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

**श्री गणेश उमा विद्यालय में कथा वाचक प.पू गोपालकृष्ण महाराज उज्जैन ने सुनाई कथा**

### भक्ति, ज्ञान के साथ सात दिवसीय भागवत कथा में देशभक्ति की भी सुनाई दे रहे प्रसंग...





**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर ।** पुरुषोत्तम मास पर बुरहानपुर के श्री गणेश उ.मा. विद्यालय में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह के भव्य आयोजन से पूर्व सोमवार सुबह 9 बजे बालाजी मंदिर महाजनपेठ से पोथी शोभायात्रा निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

भागवत कथा समिति के अध्यक्ष जगदीश वाढ़े ने बताया मालवा माटी के विख्यात कथा वाचक प्रवक्ता परम पूज्य गोपालकृष्ण महाराज ;उज्जैन को बग्गी में बैठाया गया। पोथी को मुख्य यजमान धनराज पाटिल ने शीरोधार्य किया। बालाजी मंदिर से निकली शोभायात्रा में बच्चों, महिलाओं और युवकों ने लेझिम खेला। महाजनापेठ में कई घरों के सामने रंगोली बनाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

**संध्या के समय बहेगी भक्तिधाराः** कथा स्थल श्री गणेश उ.मा.वि.प्रांगण, बुरहानपुर में ज्ञानयज्ञ सप्ताह के अंतर्गत 11 मई से 17 मई 2026 तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित होगा। समिति का कहना है कि कथा के माध्यम से ज्ञान, भक्ति और राष्ट्रप्रेम का दिव्य संगम श्रद्धालुओं को देखने मिलेगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल राष्ट्रधर्म भक्ति धारा पर भी किया जाएगाए जिससे दूर.दराज के श्रद्धालु भी कथा का लाभ ले सकेंगे।

आयोजन का संचालन श्री गणेश भागवत कथा समिति एवं समस्त कार्यकर्ता बंधुए जिला बुरहानपुर द्वारा किया जा रहा है। शोभायात्रा में बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष श्री द्रविंद्र जी मोरे, समिति सचिव गोपाल मुजाल्दा, देवीदास विश्वकर्मा, नरेंद्र जाधव, दिलीप इंगले, लक्ष्मण भलावी, प्रशांत पाटिल, संजय राउत, अमर पाटिल, अधिवक्ता घनश्याम शाह, राजेंद्र पाटिल, मुकेश चैहान, दिलीप चावरे, मुकेश पूर्वे, महेश सिंह चौहान, अजित परदेशी, योगेश सोनवने, मनोज जी कानूगो, शांताराम निम्भोरे, जगदीश शाह, सुभाष जाधव, रवि जी, अंकित वैद्य, दीपेश जाधव, प्रभाकर चौधरी, दिनकर जी, मनोज दत्त, प्रशांत पाटील, सतीष विस्पुते, सतीश गुजराती, सुनिल शाह, ईश्वर चौहान, मुकेश सहगल, लक्षण म्हाले, श्रीमती उषा अवतारी, श्रीमती माधवपुरकर आदि का सराहनीय सहयोग रहा।